# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 02/2025** **दिनांक 27/02/2025**

**सेवा में,**

**अपर पुलिस महानिदेशक,**

**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।**

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 26.02.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना नंदगंज पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त को 01 अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 26.02.2025 को उ0नि0 श्री श्याम सिंह मय हमराह द्वारा रामपुर बन्तरा ओवर ब्रीज के पास देखभाल क्षेत्र रोकथाम जुर्म जरायम एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर खास कि सूचना पर अभियुक्त अभिजीत यादव उर्फ गोलू यादव पुत्र रामभजन यादव निवासी ग्राम बासाबाँध थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 19 वर्ष को जियो पेट्रोल पम्प के आगे स्थित पुलिया बहद ग्राम सिहोरी के पास से एक अदद देशी तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 59/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

1. अभिजीत यादव उर्फ गोलू यादव पुत्र रामभजन यादव निवासी ग्राम बासाबाँध थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 19 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान –**

जियो पेट्रोल पम्प के आगे स्थित पुलिया बहद ग्राम सिहोरी थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर।

**बरामदगी -** एक अदद नाजायज देशी तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर

**02. थाना बरेसर पुलिस द्वारा 01 अदद नाजायज तमंचा.315 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 25.02.2025 को उ0नि0 रामबाबू सिंह मय हमराह द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व रात्रि गस्त करते हुए दहेन्दू अण्डरपास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से एक संदिग्ध व्यक्ति गोविन्द कुमार पुत्र अवधेश राम नि० ग्राम धामूपुर धरवा थाना नन्दगंज जनपद

गाजीपुर, उम्र 23 वर्ष को 01अदद नाजायज तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 40/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बरेसर जनपद गाजीपुर पर पंजीकृत कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-</u>**

01.गोविन्द कुमार पुत्र अवधेश राम नि० ग्राम धामूपुर धरवा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

01 .मु0अ0सं0 43/24 धारा 347/323/504/394/377/511/506/384/34 भादवि व 67E IT ACT थाना लंका जनपद कमिश्नरेट वाराणसी

02 .मु0अ0सं0 40/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बरेसर जनपद गाजीपुर

**<u>गिरफ्तारी का स्थान -</u>** दहेन्दू अण्डरपास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे थाना बरेसर जनपद गाजीपुर

**<u>बरामदगी का विवरण -</u>**

01 अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**